[ 31/7/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 208 ]

परिशिष्ट "अ"

## विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 208

नगर पालिका परिषद मंदसौर की सीमा के अन्तर्गत कालाखेत स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स और आसपास स्थित मैदान शिक्षा विभाग के अधिपत्य में है, जिसमें साठिया समुदाय के लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जाकर निवासरत हैं। नगर पालिका परिषद, मंदसौर द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से 19 सितम्बर 2022 को अतिक्रमण हटाया गया था, परन्तु पुनः साठिया समुदाय के लोगों द्वारा धीरे-धीरे उसी स्थल पर अतिक्रमण कर पुनः निवास करने लगे है।

कालाखेत स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकान एवं आस-पास स्थित मैदान शिक्षा विभाग को सुरक्षित किये जाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा समय-समय पर अवगत कराया गया है। नगर पालिका परिषद, मंदसौर को पुनः जिला शिक्षा अधिकारी को परिसर सुरक्षित किये जाने तथा जिला प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग

सहायक यंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास
मध्यप्रदेश, भोपाल

e/kushwaha/v.s. uttar/2025